**Status of implementation of the recommendations contained in the 36th Report of the Standing Committee on Labour, Textiles and Skill Development on 'Implementation of Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana' pertaining to the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship***

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CULTURE (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL):** On behalf of Shri Rajeev Chandrasekhar, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 36th Report of the Standing Committee on Labour, Textiles and Skill Development on 'Implementation of Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana' pertaining to the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship

---

… (Interruptions)

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 9072/17/23

**माननीय सभापति:** आइटम नम्बर 21, श्री पंकज चौधरी।

… (व्यवधान)

**14.08 hrs**

**UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR BUDGET, 2023-24**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):** सभापति जी, श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से, मैं वर्ष 2023-24 के लिए जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

**माननीय सभापति :** आइटम नम्बर 22, श्री पंकज चौधरी।

… (व्यवधान)

**14.08½ hrs**

**DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (THE UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR), 2022-23**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):** सभापति जी, श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से, मैं वर्ष 2022-23 के लिए जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र के संबंध में अनुदानों की अनुपूरक मांगों को दर्शाने वाला विवरण (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

**माननीय सभापति :** आइटम नम्बर 22, श्री पंकज चौधरी।

… (व्यवधान)

**14.09 hrs**

## DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS, SECOND BATCH, 2022-23

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):** सभापति जी, श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से, मैं वर्ष 2023-24 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों – दूसरा बैच को दर्शाने वाला विवरण (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, माननीय अध्यक्ष जी को कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

**14.10 hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377*

**माननीय सभापति :** नियम 377 के अधीन सभा पटल पर रखे जाने वाले मामलों के संबंध में उनको अनुमति प्रदान की जाती है, जिन माननीय सदस्यों के पाठ स्वीकृत हुए हैं। वे अपने अनुमोदित पाठ को 20 मिनट के अंदर लिखित रूप से सभा पटल पर रख दें।

### (i) Regarding setting up of a centre of National Institute of Electronics and Information Technology in Maharajganj Parliamentary Constituency

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज):** मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा, बिहार में कंप्यूटर, इंफॉर्मेशन प्रौद्योगिकी या इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में युवाओं/युवतियों एवं छात्र/छात्राओं को फाउंडेशन कोर्स, डिप्लोमा एवं एडवांस डिप्लोमा कोर्स तथा इस क्षेत्र में उच्च स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण देने वाली कोई संस्था नहीं है। ऐसी संस्थाओं के अभाव में हमारे संसदीय क्षेत्र के वैसे छात्र/छात्राओं को जिनकी रुचि कंप्यूटर, इंफॉर्मेशन प्रौद्योगिकी या इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में है, उन्हें शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए बाहर जाना पड़ता है। इस क्षेत्र में शिक्षण प्रशिक्षण के लिए हमारे संसदीय क्षेत्र से प्रत्येक वर्ष हजारों हजार की संख्या में छात्र-छात्राएं अन्यत्र दूरदराज के क्षेत्रों में जाते हैं। इस परिस्थिति में शिक्षण-प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं/युवतियों को अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही अत्यधिक आर्थिक खर्च का बोझ भी उठाना पड़ता है।

---

* Treated as laid on the Table

इसलिए मेरा मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन कार्यरत संस्था, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के सेंटर की स्थापना सारण जिला के अंतर्गत जलालपुर प्रखंड मुख्यालय जलालपुर, बनियापुर प्रखंड मुख्यालय बनियापुर या सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय महाराजगंज में कराया जाए।

## (ii) Need to ensure execution of works under the Jal Jeevan Mission in Kanker Parliamentary Constituency as per specified norms

**श्री मोहन मंडावी (कांकेर):** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के ड्रीम प्रोजक्ट जल-जीवन मिशन अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र कांकेर (छतीसगढ़) में किये जा रहे पाइप लाइन विस्तार, पानी टंकी निर्माण कार्यों में की जा रही अनियमितता की शिकायत क्षेत्र में जन प्रतिनिधियों से निरंतर मिलती रही है । जल-जीवन मिशन में किये जा रहे कार्य में निर्माण एजेंसियों द्वारा उपयोग की गई सामग्री में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है । स्तरहीन सामग्री का उपयोग कर स्तरहीन कार्य किया जा रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र के अनेक बसावटों के ग्रामों में इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए स्थल की भौगोलिक बनावट को ध्यान नहीं दिया गया है, और न ही स्वीकृत प्राक्कलन के आधार पर कार्य किया जा रहा है । मेरा संसदीय क्षेत्र एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहाँ के लोगों का घर-घर जल नल का जो सपना था वह अनियमितताओं का भेंट चढ़ता जा रहा है । अतः अनुरोध है कि माननीय प्रधानमंत्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट धरातल पर अपेक्षानुरूप हो इस हेतु सख्त से सख्त दिशा निर्देश जारी करेंगे ताकि समयावधि में हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे ।

## (iii) Regarding restarting production in Indian Copper Complex Plant at Ghatsila, Jharkhand

**श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर):** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड (मऊभंडार) स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (HCL) इंडियन कॉपर कॉप्लेक्स (ICC) वर्ष 1932 से स्थापित प्लांट है। उक्त प्लांट पिछले 3 साल से बंद पड़ा हुआ है क्योंकि ICC प्लांट में HCL की ही मलाजखंड इकाई से सप्लाई होने वाली ताम्र सांद्र अयस्क से उत्पादन कार्य होता है। दुर्भाग्यवश, HCL लंबे समय से ताम्र सांद्र अयस्क की सप्लाई ICC इकाई में नहीं कर सीधे बाजार में बेच रही है। सांद्र अयस्क की कमी के कारण ICC स्मेल्टर बंद है। ऐसा प्रतीत होता हैं कि HCL प्रबंधन प्लांट को बेचने का मन बना रही है जिसके कारण उक्त क्षेत्र के आसपास के निवासियों, कार्यरत मजदूरों एवं कामगारों में भारी आक्रोश है। कोरोना महामारी के बीच बीते डेढ़ साल से असंगठित क्षेत्र के हजारों मजदूर बेरोजगार हो चले हैं जो चिंता का विषय है। साथ ही साथ पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र स्थित राखा कॉपर एवं चापड़ी माइंस बीते दो दशक से बंद पड़ी हुई है। इस माइंस को चालू कराने हेतु मैं लंबे समय से प्रयासरत हूं। उक्त प्रयास के फलस्वरूप तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास जी ने माइंस को चालू कराने हेतु लीज पर 100 एकड़ भूमि उपलब्ध कराया था, ताकि बंद खदानें चालू हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। उक्त माइंस के कंपनी प्रबंधन के द्वारा फरवरी 2019 में भूमि पूजन भी किया गया था जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास जी एवं कंपनी के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। परंतु HCL प्रबंधन द्वारा ढाई वर्ष बीतने के बाद भी माइंस को खोलने हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है जिससे स्थिति जस का तस बना हुई है। अतः मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि अविलंब पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड- इंडियन कॉपर कॉप्लेक्स प्लांट में उत्पादन एवं मुसाबनी प्रखंड के राखा कॉपर एवं चापड़ी माइंस को चालू कराने की कृपा की जाय।

## (iv) Need to upgrade Post Office Passport Seva Kendra, Ajmer to a full-fledged Passport office

**श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर):** अजमेर संभाग मुख्यालय पर संचालित पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर 4 मार्च 2018 से निरन्तर आमजन को अपनी सेवाए दे रहा है।यहॉ पर वर्तमान में अजमेर संभाग के चारों जिला यथा- अजमेर, भीलवाडा, नागौर, टोंक के साथ-साथ पाली एवं राजसमंद जिले एवं संसदीय क्षैत्र के व्यापारी वर्ग, उद्यमी वर्ग, उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओ के साथ-साथ आमजन को पासपोर्ट सबंधी सेवाओं का आंशिक लाभ ही मिल रहा है। लेकिन वर्तमान आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए उक्त पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर में तत्काल पासपोर्ट, पीसीसी की सुविधा,सत्यापित करने वाले सक्षम अधिकारी के अभाव आदि के साथ-साथ अन्य विभागीय सेवाओं का समग्र लाभ उक्त सभी वांछित वर्गो को नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान मे राजस्थान प्रदेश में रीजनल पासपोर्ट अधिकारी जयपुर के अधीन चार स्थानो पर यथा-जयपुर, जोधपुर, उदयपुर एवं सीकर में ही पूर्ण पासपोर्ट सेवा केन्द्र संचालित है और अजमेर में संचालित पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवाकेन्द्र का कार्यभार प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों पर संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र से अधिक है। अतः माननीय केन्द्रीय विदेश मंत्री महोदय से करबद्ध निवेदन है कि अजमेर (राजस्थान) संभाग मुख्यालय पर वर्तमान में संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर को आगामी बजट 2023-24 की विभागीय कार्य योजनाओं के अन्तर्गत पूर्ण पासपोर्ट सेवा केन्द्र में क्रमोन्नत कराने की सक्षम विभागीय स्वीकृती जारी कराकर मुझे अनुग्रहित करावें, ताकि अजमेर संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ भीलवाड़ा, नागौर, टोंक, पाली, राजसमंद संसदीय क्षेत्रों के वाशिंदों को उक्तपूर्ण पासपोर्ट सेवाकेन्द्र अजमेर की स्थापना का समग्र एवं समुचित लाभ मिल सके।

## (v) Need to provide dwelling units to transgender people under Pradhan Mantri Awas Yojana.

**श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी):** सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और पीएमएवाई (ग्रामीण) के तहत ट्रांसजेंडरों के लिए स्थायी आवास की व्यवस्था करनी चाहिए। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को अक्सर अपनी लैंगिक पहचान से जुड़ी सामाजिक संकीर्णता के कारण एक अच्छे इलाके में घर खरीदने या किराए पर घर लेने में मुश्किल होती है, इसलिए यह योजना उनके लिए सम्मानजनक और सम्मानित जीवन जीने में मददगार होगी। हम आम तौर पर इस हाशिए के समुदाय के लिए आश्रय गृह या छात्रावास सुविधाओं के बारे में सुनते हैं, ट्रांसजेंडर के लिए स्थायी और समर्पित आवास समाधान की आवश्यकता है ताकि वह लोग फ्लैट के मालिक हों, परिसर के मालिक हों और एक सम्मानित जीवन जी सकें ट्रांसजेंडर समुदाय को समर्पित आवास सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) निधियों और अन्य स्रोतों से शेष धन की व्यवस्था की जा सकती है।

## (vi) Regarding plight of labourers of Bihar working in Tajikistan

**SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN):** Several media reports have brought out that many labourers from Bihar have been trapped in Tajikistan, bound in contractual work, under appalling work conditions. As per information available in the media, these labuorers are contract workers in Tajikistan who have been subjected to acutely deplorable living conditions. The contract of the workers is with an Indian placement company which is affiliated with a Tajikistan-based company. The company in which they are affiliated with has unilaterally increased their working duration to 14 hours per day without any commensurate increase in wages. Additionally, the labourers have also claimed that they are provided with inadequate and often unsafe and contaminated food. Many of these labourers have fallen ill and are unfit to continue work. Some estimates say that there are close to 50 labourers from Bihar currently waiting to be rescued but in the absence of reliable information the numbers could be much more. I request the Government to provide detailed information on the exact number of labourers from Bihar trapped in Tajikistan, their name and home district. I also request that they may be rescued and transported back home safely at the earliest.

## (vii) Need to accord the status of Martyr (Shaheed) to the armed forces who lay down their lives in the line of duty

**श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर):** मेरे लोकसभा क्षेत्र भरतपुर सहित देश के लाखों जवान आर्मी तथा आर्म्ड फोर्सेज में कार्य करते हुए देश सेवा कर रहे हैं। देश की सीमा अथवा आमजन की सुरक्षा के लिए विभिन्न आर्म्ड फोर्सेज अथवा सेना की तैनाती की जाती हैं, अधितकतम समय में सेना युद्ध काल के समय तेनात की जाती रही है, लेकिन विभिन्न आर्म्ड फोर्स के जवान सीमा अथवा संवेदनशील इलाकों में देश की सुरक्षा में हमेशा तैनात रहते हैं । कई बार इन आर्म्ड फोर्सेज के जवानों की देश की रक्षा करते हुए मृत्यु हो जाती है परंतु उनको शहीद का दर्जा नहीं मिल पाता है। मेरा माननीय रक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि देश अथवा आमजन की रक्षा करते हुए ऐसे आर्म्ड फोर्सेज के जवानों की मृत्यु होने पर उनको शहीद का दर्जा दिया जाएं तो आपकी अति कृपा होगी।

## (viii) Need to increase beds and ventilators for patients in Trauma Centre, AIIMS, Raipur in Chhattisgarh

**श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द):** छतीसगढ़ राज्य के रायपुर मे संचालित एम्स अस्पताल मे बिस्तर एवं वेंटिलेटर की कमी होना बताकरअस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को वापस कर दिया जाता है। जिससे गरीब मरीज निजी अस्पतालों मे जाने को मजबूर होते जा रहे है। जहां काफी धनराशि लगने के कारण छतीसगढ़ के लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जो गरीब मरीज है उन्हें चिकित्सा के अभाव मे जान भी गंवानी पड़ रही हैं। ऐसी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए तत्काल रायपुर एम्स अस्पताल के ट्रामा सेंटर मे बिस्तर एवं वेंटिलेटर की संख्या बढ़ाए जाने की अति आवश्यकता है ताकि समस्या से निजात पाया जा सके। अत: माननीय मंत्री जी से पुन: आग्रह है, कि उक्त विषय को संज्ञान मे लेकर विभागीय जांच कराते हुए अतिशीघ्र रायपुर एम्स अस्पताल के ट्रामा सेंटर मे बिस्तर एवं वेंटिलेटर की कमी को पूरा करने हेतु विभाग को निर्देशित करें।

## (ix) Regarding setting up potato-based food processing industries and taking steps for export of potato in Misrikh Parliamentary Constituency

**श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख):** मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की बिल्हौर विधानसभा जनपद कानपुर नगर और इसके निकटवर्ती क्षेत्र, जिनमें कन्नौज और फर्रुखाबाद जनपद भी शामिल हैं, में आलू की काफी अधिक फसल होती है तथा इस क्षेत्र के किसानों की आजीविका का एकमात्र सहारा आलू की उपज है।

वर्तमान समय में, लागत मूल्य से भी आधी कीमत पर आलू बिक रहा है, जिस कारण क्षेत्र के किसान आलू की उपज का लाभकारी मूल्य न मिलने की वजह से काफी परेशान हैं तथा आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि आलू उत्पादकों के हित में क्षेत्र के अरौल-गंगापुर के बीच में आलू आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित किए जाने के साथ-साथ आलू के निर्यात हेतु संभावित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, जिससे क्षेत्र के आलू किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित हो सके।

**(x) Regarding implementation of Reclamation of Problem Soils (RPS), a sub scheme of the Rashtraiya Krishi Vikas Yojana (RKVY)**

**SUSHRI SUNITA DUGGAL (SIRSA):** I would like to draw your attention to a major issue concerning the future of farmers in my Parliamentary Constituency where the twin problem of soil salinity and waterlogging in major parts is creating challenges for farmers in the region. These soils occur mainly in northern parts of Sirsa district of Haryana i.e. Odhan, Baragudha and Sirsa blocks and parts of Dabwali, Nathusari Chopta and Rania blocks. The extent of salinity in a waterlogged area is 35 to 40 deci Siemens per meter (dS/m) against the normal limit of 2 dS/m. The Government is implementing Reclamation of Problem Soils (RPS) as a sub-scheme of Rashtriya Krishi Vikas Yojana (RKVY) since 2016-17 for development of problem soils on pilot basis in 15 States to bring such land under cultivation. Indian Council of Agricultural Research (ICAR) has developed technologies for reclamation of bad soils which have been found to be effective strategies in managing sodic as well as saline soil of arid regions. I, therefore, urge upon the Government to increase the aid, both financial and technical, to Haryana including my Parliamentary Constituency of Sirsa. It is necessary to reclaim thousands of acres of land which is imperative for food security of people.

## (xi) Need to declare and develop places of religious importance in Gadchiroli-Chimur Parliamentary Constituency as tourist places

**श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर):** महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरौली - चिमुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत तालुका चमोर्शी में मार्कंडा देवस्थान एक बहुत बड़ा धार्मिक स्थल है तथा यह काशी देवस्थान के नाम से भी प्रसिद्ध है। इस धार्मिक स्थल का बड़ा महत्व है तथा इस मंदिर के निकट से पवित्र वेणगंगा गुजरती है। वेणगंगा नदी के किनारे स्थित पवित्र मार्कंडा (देव) में भगवान शंकर जी का हेमाडपंती मंदिर है, जो मार्कंडेय ऋषि की तपस्या से पावन है। इस स्थल को विदर्भ का काशी भी कहा जाता है। यहां पर महाराष्ट्र राज्य के ही नहीं बल्कि देश के अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना होता है तथा महाशिवरात्रि पर्व पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 15 - 20 लाख के आसपास होती है। इस धार्मिक स्थल का महत्व पुराणों में भी वर्णित है। लेकिन श्रद्धालुओं के लिए यहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है।

मेरे गड़चिरौली - चिमुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ही कछाड़गढ़, तालुका सालेकसा, जिला गोंदिया में लिंगोजंगो, जो आदिवासियों के देवता है उनकी एक प्रमुख एवं अति प्राचीन गुफा व मंदिर है। यह देश के आदिवासियों का एक बहुत बड़ा धार्मिक स्थल है तथा पर्वतीय क्षेत्र में स्थित है। यहां पर प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में विशेष उत्सव के दौरान प्राचीन गुफा न मंदिर के दर्शन करने वाले आदिवासी श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 40 से 50 साल तक पहुंच जाती है।

इसी प्रकार चंद्रपुर जिले की चिमूर तहसील में रामदेगी का पवित्र तीर्थ स्थल है। यहां पर भगवान राम का मंदिर है। यहां पर पौष (जनवरी) महीने में यात्रा होती है तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तगण धार्मिक यात्रा में आते हैं।

अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त सभी धार्मिक स्थल, जो जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में स्थित है, के महत्व को देखते हुए इनको केंद्रीय पर्यटन की सूची में शामिल करते हुए इन सभी को पर्यटन के रूप में विकसित करने और उनका सौंदर्यकरण करने के साथ-साथ वहां पर

मार्गों की मरम्मत, मजबूतीकरण कंकरीटीकरण करने, शौचालयों, धर्मशालाओं/सांस्कृतिक भवनों का निर्माण, आदिवासियों के कला-गुणों को विकसित किए जाने व पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु आवंटित करने का कष्ट करें।

## (xii) Regarding payment of compensation to farmers for their land having landmines in border areas of Jammu Parliamentary Constituency

**श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू):** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जम्मू के नजदीक उन सीमावर्ती स्थानों की और ले जाना चाहता हूँ, जहाँ पर कारगिल युद्ध के दौरान उपजाऊ जमीन पर माइंस लगाये गए थे परन्तु 23 साल बीतने के बाद भी आज भी वहां पर माइंस बिछी हुई हैं जिसके कारण कोई भी किसान खेती की तो दूर की बात वहां पर जा भी नहीं सकते है। उन किसानों का क्या गुनाह हैं कि उन्हे आज तक उस जमीन का कोई मुआवजा भी नहीं मिला है। उन किसानो का एकमात्र साधन खेती ही था अब वो किसान अपने परिवार का भरण पोषण भी नहीं कर पर रहे हैं। उनकी भुखमरी की नौबत आ गयी है उस जमीन पर खेती करने वाले किसान बेरोजगार हो गए हैं। मैं सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि उन किसानो को जिनकी जमीन में माइंस लगे हुए है उन किसानो को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाये और उनकी जमीन पर लगे माइंस को निकाला जाय ताकि वहां के किसान उस बंजर भूमि को उपयोग में ला सकें।

## (xiii) Need to correct the spelling of 'Dhangadh' as 'Dhangar' in the OBC list in Maharashtra

**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर (माधा):** धनगर जनजाति देश के कई राज्यों – महाराष्ट्र, कर्णाटक, गोवा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में – विद्यमान एक घुमंतु चरवाहा जनजाति है। महाराष्ट्र में तथा मुख्य रूप से मराठवाडा क्षेत्र में यह जनजाति काफी बड़ी संख्या में विद्यमान है। यह जनजाति सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक दृष्टि से काफी पिछड़ी हुई है।

पूरे देश में इस जनजाति को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता मिली हुई है परन्तु महाराष्ट्र की अनुसूचित जनजाति की सूची में टाइपिंग की गलती के कारण इस जनजाति का नाम 'धनगर' के स्थान पर 'धनगढ' टाईप हो गया है तथा वर्तमान में यह जनजाति महाराष्ट्र की अनुसूचित जनजाति की सूची में क्रमांक 36 पर 'धनगढ' शब्द के रूप में उल्लिखित है। वास्तविकता यह है कि महाराष्ट्र में धनगढ नाम की कोई जनजाति है ही नहीं और वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र के धनगर जनजाति के एक करोड़ लोग टाइपिंग की गलती की वजह से अनूसूचित जनजाति को मिलने वाले सरकारी सुविधाओं से विगत 70 सालों से वंचित है।

मेरा अनुरोध है कि महाराष्ट्र की अनुसूचित जनजाति की सूची में क्रमांक 36 पर उल्लिखित 'धनगढ' शब्द को स्थान पर 'धनगर' शब्द प्रतिस्थापित किए जाने हेतु शीघ्रातिशीघ्र अधिसूचना जारी करवाने की कृपा करें ताकि सदियों से शोषित व वंचित 'धनगर' समाज को न्याय मिले तथा उन्हें अनूसूचित जनजाति को मिलने वाले सभी सुविधाओं के लाभ सहित तत्संबंधी प्रमाणपत्र जारी किए जा सके।

## (xiv) Regarding mekedatu Project in Tamil Nadu

**SHRI D.M. KATHIR ANAND (VELLORE):** The proposed Mekedatu project would impound and divert the first component of uncontrolled flows due to Tamil Nadu, i.e. the flows coming in river Cauvery from the uncontrolled catchment of Kabini sub-basin downstream of Kabini reservoir, the catchment of mainstream of Cauvery river below Krishnarajasahara, uncontrolled flows from Simsha, Arkavathy and Suvernavathy sub-basins and various other small streams. Therefore, the implementation of Mekedatu project would certainly affect the interests of Tamil Nadu's farming community. While the drawal of water from the river for drinking water usage in Bengaluru Metropolitan City has been permitted by the Hon'ble Court, citing that as the reason for constructing such a major reservoir at Mekedatu, which is too far away from Bengaluru Metropolitan area does not sound valid. Further, when Karnataka already has adequate infrastructure for drawing drinking water to meet the demand of Bengaluru Metropolitan area even now, the justification of the need for a reservoir with a storage capacity of 67.16 TMC to utilize 4.75 TMC as drinking water is not at all acceptable. This would definitely jeopardize the availability of water to Tamil Nadu. Therefore, I urge upon the Union Government to intervene in this crucial issue and instruct the Karnataka Government not to pursue the Mekedatu project.

## (xv) Need to withhold the launch of Initial Public Offer (IPO) of the LIC

**SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH (KAKINADA):** LIC employees and agents have been staging demonstrations across the country against the Central Government's move to disinvest a 5% stake in the Company and come out with an Initial Public Offer (IPO). While the Government claims it is not looking to privatise LIC and will continue to hold a controlling stake in LIC, we have seen national public sector banks follow the same pathway to privatisation. The IPO comes at a time of tightening of markets globally, with many IPOs of Indian companies underperforming in the market. Moreover, this month, Foreign Portfolio Investors (FPIs) have pulled out Rs.38,000 crore from India. This is the highest sell-off in 22 months– before this the largest monthly outflows were recorded at the beginning of the pandemic during March 2020. In this light we request the Central Government to indefinitely put-off the IPO and allow the markets to recalibrate to the new geopolitical pressures. In the meanwhile, the Ministry of Finance can conduct thorough consultations with management, staff, agents and policyholders to take a decision on its future course.

## (xvi) Regarding construction of road along the Sealdah-Diamond Harbour railway line

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR):** Road connectivity is one of the key components in ensuring development of an area. Not just development, it is essential for safety purpose as well. The condition of the road along the stations Dhamua, Radhanagar and Magrahat in the Sealdah-Diamond Harbour Line is disastrous. The said road is 10 km in length and is situated on the right side of the rail line from Dhamua to Magrahat. These areas fall under my Parliamentary Constituency and people have been approaching me to improve the condition of the said road. Thus, I would request the Hon'ble Minister to direct the Railway authorities to take up this issue and get a proper road constructed and include it under Rail Maintenance Mapping. It is extremely essential to get the road constructed for the people.

## (xvii) Need to accord approval to the proposal for construction of roads under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Maval Parliamentary Constituency

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में सडकों के निर्माण का कार्य होता है इसमें ग्रामीण इलाकों के लोगों को आने जाने के लिए अच्छी सड़कें मिलती हैं । मेरे चुनाव क्षेत्र मावल (महाराष्ट्र) में दो जिले पूना और रायगढ़ लगते हैं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत रायगढ़ में लगभग 38 किलोमीटर सड़क निर्माण के प्रस्ताव नवम्बर 2021 को भेजे गए हैं इसमें कर्जत में नेरल बोरले से अमरोली डिकसाल मार्ग और कलम्ब से पसारने, खालापुर में राज्य मार्ग संख्या 104 से पोड निगडोली नागनाड़े ,कलोटे खंडेश्वरवाड़ी और पनवेल में ऐसे कई सारे रोड हैं और पूना जिले में मावल के अंतर्गत ठाकुरशाई, मुन्डावरे जाधववाड़ी से तालुका बॉर्डर तक करीबन 15 किलोमीटर के प्रस्ताव दिसम्बर 2021 में भेजे गए और जबकि इन प्रस्तावों पर चार बार जांच हुई, और प्रस्तावों को दिए गए सुझावों के अनुसार बदला गया, लेकिन आज तक यह प्रस्ताव जस के तस पड़े हैं और अभी एक साल बीत जाने के बाद भी इन पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया । इसके साथ ही साथ जो कार्य पूर्व में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत हुए हैं उनका गुणवत्ता के आधार पर कार्य नहीं हुआ है जबकि टेंडर क्लॉज़ में मेंटेनेंस के लिए ठेकेदारों को फण्ड दिया जाता है लेकिन ठेकेदार मेंटेनेंस का काम नहीं करते हैं इसकी जांच किये जाने की आवश्यकता है । अतः मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-3 के तहत मावल और रायगड जिले के अंतर्गत कर्जत, खालापुर, पनवेल, और उरण के प्रस्तावों को जल्दी से जल्दी मंजूरी प्रदान की जाय।

## (xviii) Need to include Gopalganj district, Bihar under the scheme for regeneration of traditional Industries

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज):** मैं सरकार का ध्यान केन्द्र प्रायोजित स्कीम-पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण हेतु निधि योजना-(स्कीम ऑफ फंड फॉर रिजनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज) (स्फूर्ति)' की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। यह पारंपरिक क्षेत्रों के कारीगरों को मूल्यवर्धित पारंपरिक उत्पादों के उत्पादन के लिए सामूहिक रूप से संगठित करने की एक योजना है, जिससे कारीगरों को बढ़ी हुई और स्थायी आय प्राप्त हो । इस योजना के तहत कारीगरों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, पारंपरिक कारीगरों को नई मशीनरी और कच्चे माल की खरीद, सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी) के निर्माण, प्रशिक्षण, परिचयात्मक दौरों, डिजाइन और विपणन हस्तक्षेप आदि के लिए सहायता प्रदान की जाती है। मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, बिहार के गोपालगंज जिले में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और पारंपरिक कारीगरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। 'पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण हेतु निधि योजना' (स्कीम ऑफ फंड फॉर रिजनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज) (स्फूर्ति)' से पारंपरिक कारीगरों को नई मशीनरी और कच्चे माल के प्रावधान से निश्चित रूप से बिहार के जिला गोपालगंज में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा । अत: मैं माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री से अनुरोध करता हूं कि पारंपरिक कारीगरों को नवीनतम तकनीकों और सुविधाओं के प्रावधान के लिए 'पारंपरिक उद्योगों के उन्नउयन एवं पुनर्निर्माण हेतु निधि योजना (स्कीम ऑफ फंड फॉर रिजनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज) (स्फूर्ति) के तहत बिहार के जिला गोपालगंज को शामिल किया जाए ।

## (xix) Regarding replacement of feeble power transmission lines and installation of transformers of adequate power in Amroha, Uttar Pradesh

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा में शहर से लेकर गांवों तक विद्युत तार और खंभे काफी जर्जर हो गए हैं और उनके रखरखाव तथा मरम्मत की व्यवस्था कभी ठीक से नही होती है जिससे जर्जर तार एवं झुके खंभे आंधी में टूट कर गिर जाते हैं। विभाग द्वारा किसी तरह जोड़तोड़ कर बिजली चालू कर दी जाती है जिस से हमेशा फाल्ट होता रहता है और सप्लाई बन्द होने के कारण जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। पुराने तारों के कारण ज़रूरत के मुताबिक विद्युत व्यवस्था में सुधार कर पाना सम्भव नही हो पा रहा है। लटकते- झूलते तारों के कारण किसानों की गन्ना व गेहूं की फसल हर वर्ष आग की भेंट चढ़ जाती है। यहाँ ट्रांसफार्मर की भारी कमी एवं कई स्थानों पर खपत से कम क्षमता का ट्रांसफार्मर होने के कारण लोड शेडिंग की समस्या बनी रहती है, विद्युत उपकेन्द्र भी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। अतः सरकार से मेरी मांग है यहाँ भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने एवं लोगों के जान व माल की रक्षा एवं सुविधा हेतु क्षेत्र के सभी जर्जर तारों को शीघ्र बदलवाने एवं क्षमता के अनुकूल ट्रांसफार्मर लगवाने हेतु सम्बंधित विभाग को निर्देशित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने की कृपा करें।

## (xx) Regarding implementation of Post-Matric Scholarships Scheme for the students belonging to the Scheduled castes in Bihar

**श्री प्रिंस राज (समस्तीपुर) :** केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित Post Matric Scholarship for SC के दिशानिर्देश 2021, जिसके अनुसार 2.5 लाख से कम आय वाले SC विद्यार्थियों के दसवीं से उपर की पढ़ाई हेतु Total Tuition Fee andOther Compulsory Fees का भुगतान केंद्र एवं राज्य को (60:40) के अनुपात में करना है।

लेकिन बिहार सरकार ने इस दिशा निर्देश को मानने से इनकार करने से अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से कमजोर लाखों विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया हैं।

वर्तमान में बिहार सरकार, एससी/एसटी कल्याण विभाग, संकल्प सं०- 4061, दिनांक-16/05/2016 के आलोक में विद्यार्थियों को छात्रवृति की अधिकतम राशि 90 हजार रुपये दे रही है जोकि PMS-SC दिशानिर्देश 2021की मूलभावना के साथ खिलवाड़ है। बिहार सरकार ने पटना हाई कोर्ट में इस संदर्भ में दाखिल PIL के जवाब में बताया है कि राशि की कमी की वजह से केंद्र की इस योजना को बिहार में लागू नहीं किया जा सकता है।

मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर PMS SC योजना को Point to Point लागू कराया जाए ताकि अनुसूचित जाति के लाखों विद्यार्थियों को राशि के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहना पड़े।

---

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, आप कुछ काम चलने दीजिए। आप सब अपनी सीटों पर वापस चले जाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सभी विषयों पर चर्चा होगी। आप कृपया बैठ जाएं।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** संसद और पीठ का सम्मान सभी के लिए स्वीकार्य है। किसी भी माननीय सदस्य को संसद तथा पीठ की अवमानना करने की अनुमति नहीं है। आप कृपया अपनी सीटों पर वापस चले जाएं।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सभा की कार्यवाही कल मंगलवार दिनांक 14 मार्च, 2023 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**14.11 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, March 14, 2023/ Phalguna 23, 1944 (Saka)*

## INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in
http://www.loksabha.nic.in

## LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

---

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business
in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

---